राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल 26 से 30 सितम्बर तक रहेंगे जैसलेमर व जोधपुर प्रवास पर

जयपुर, 25 सितम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र 26 से 30 सितम्बर तक जैसलमेर एवं जोधपुर जिलों के प्रवास पर रहेंगे। राज्यपाल 26 सितम्बर को प्रातः जयपुर से राजकीय विमान से जैसलमेर के लिए रवाना होंगे। वह उप राष्ट्रपति श्री एम. वेंकैया नायडू के साथ तनोट माता मंदिर, लोंगेवाला पोस्ट, जैसलमेर वार म्यूजियम व मेहरानगढ़ दुर्ग सहित प्रमुख स्थलों की यात्रा करेंगे एवं विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे। उप राष्ट्रपति श्री वेंकैया नायडू 28 सितम्बर को राज्यपाल श्री कलराज मिश्र की पुस्तक ' संविधान संस्कृति और राष्ट्र' का जोधपुर में लोकार्पण करेंगे। उप राष्ट्रपति की रवानगी के पश्चात राज्यपाल 30 सितम्बर को प्रातः वापस जयपुर लौटेंगे।

———